(ख) क्या यह सच है कि उन्हें बैठने के लिए, दवाइयां रखने के लिए और रोगी देखने के लिए स्थान उपलब्ध कराया गया है ;

(ग) क्या उन्हें चिकित्सा सहयोगी और दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई हैं; और

(घ) यदि उपरोक्त भाग (ख) और (ग) के उत्तर "न" हों, तो सरकार इस दिशा में क्या कदम उठा रही है ?

परिवहन मंत्री (श्री बंसी लाल) : (क) बरियारपुर में रेल कर्मचारियों के लिए अलग से किसी डाक्टर की नियुक्ति नहीं की गयी है, तथापि जमालपुर से एक लाइन डाक्टर सप्ताह में दो दिन बरियारपुर का दौरा करता है ।

(ख) और (ग) बरियारपुर रेलवे स्टेशन पर परामर्श तथा रोगियों की जांच के लिए स्थान की व्यवस्था कर दी गया है । लेकिन दवाइयां लाइन डाक्टर द्वारा जमालपुर से बरियारपुर लायी जाती हैं, जिनके साथ एक चिकित्सा परिचर भी होता है ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के नियंत्रणाधीन संस्थानों में हिन्दी में कार्य

140. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में "क" और "ख" क्षेत्रों में स्थित केन्द्रीय सरकार के ऐसे कितने संस्थान, उपक्रम, अधिनस्थ संस्थान आदि हैं जहां नियमानुसार पत्राचार राजभाषा में किया जाना चाहिए तथा किन-किन में सरकारी कार्य 100 प्रतिशत, 75 प्रतिशत और 50 प्रतिशत हिन्दी में किया जा रहा है ;

(ख) क्या यह सच है कि "क" क्षेत्र में स्थित केन्द्रीय सरकार के कुछ अस्पतालों, मेडिकल कालेजों तथा अन्य संस्थानों में सरकारी कार्य केवल हिन्दी में किया जा रहा है जब कि उनमें से कुछ में कोई भी कार्य हिन्दी में नहीं किया जा रहा है ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

परिवार कल्याण विभाग में उपमंत्री (श्री एस. कृष्ण कुमार): (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति

141. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : बाबू कालदाते :**

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री 12 मार्च, 1986 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 249 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मानव संसाधन विकास मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन किया जा चुका है और क्या 1985-86 के दौरान इसकी कोई बैठक हुई है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : (क) और (ख) मानव संसाधन विकास मंत्रालय के लिए हिन्दी सलाहकार समिति के गठन को अंतिम रूप दे दिया गया है और इस संबंध में एक संकल्प जारी हो गया है । समिति की बैठक आयोजित करने के लिए कार्यवाही की जा रही है ।

Railway Workshop at Perambur

142. SHRI M. KALYANASUNDARAM: Will the Minister of TRANSPORT be pleased to state:

(a) the details of the proposals for modernisation and development of carriage and wagon workshop and the Loco Works at Perambur during the Seventh Plan period;

(b) the allocation of funds for the schemes approved for the Seventh Plan;

(c) whether Government are aware that working conditions, sanitation, public hygiene, water supply and roads for internal movement of vehicles are not only in very